
# युवाओं व भाजपा को करीब लाएगा 'सेवा संकल्प'

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से पार्टी पूरे देश में चलाएगी एक माह का अभियान






**विशेष संवाददाता**

**नई दिल्ली, 9 सितंबर. उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के आगामी चुनाव, 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले देश के करीब 40 फीसदी युवा वोटर के बीच भाजपा अब नए सिरे से अपनी पैठ बनाने के लिए कमर कस चुकी है. यह रणनीति हालिया घटनाक्रमों और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के जवाब में देखी जा रही है.**

पार्टी सूत्रों के अनुसार संगठन स्तर पर जहां पार्टी अध्यक्ष ने युवाओं के बीच सीधे संपर्क का रोडमैप तैयार किया है तो वहीं सत्ता के स्तर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रियों को ग्राडंड स्तर पर पहुंच बढ़ाने का खाका खींचा है. दो तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने राज्यमंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों के साथ हुई बैठक में स्पष्ट तौर पर जमीनी तानाबाना मजबूत करने को कहा था, इससे पहले पार्टी अध्यक्ष ने भी केंद्र के युवा मंत्रियों के साथ बैठक कर सत्ता और संगठन को साथ मिलकर आगे आने की बात कही थी. कुल मिलाकर भाजपा अब पूरी तैयारी के साथ जमीनी जुड़ाव की दिशा में आगे बढ़ने की तैयारी में है और इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने और उनके जन्मदिन के मौके पर महीने भर के 'सेवा संकल्प' अभियान होगी. बीजेपी अध्यक्ष ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और आर्थिक उपलब्धियों को भी अभियान का हिस्सा बताया. नवीन ने कहा कि हमारे युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनकर उभरे हैं. उन्होंने कहा कि आज 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' के माध्यम से भारत का युवा हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर रहा है. अभियान के दौरान सरकार की युवओं और महिलाओं पर आधारित योजनाओं को उपलब्धियों को साथ-साथ साझा किया जाएगा.

**कनाडा के डेयरी, शराब और बाइक पर यूएस का बैन**

**टोरंटो.** अमेरिका और कनाडा के बीच चल रहा व्यापार विवाद अब और गहरा गया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कनाडा से आने वाले कुछ डेयरी उत्पादों, कई तरह के मादक पेय पदार्थों और कुछ मोटरसाइकिल व मोपेड के आयात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है.

**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
**मुख्यालय : भोपाल (म.प्र.)**
**क्र./परिवहन/निविदा/785535/2026-27/NIT NO/600 भोपाल, दि. 09.09.26**

**परिवहन कार्य अवधि वर्ष 2025-27 हेतु छठवीं (शेष निविदाओं हेतु) ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2025-27 हेतु परिवहन कार्यों की ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से जिलों/रैक प्वाइन्ट्स/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

01. LRT (रबी-खरीफ उपार्जन)
02. LRT (सामान्य)
03. HLRT (खाद्यान्न)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने से संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 (9:00 am-10:00 pm Mon. to Sat.) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/127990/2026 **महाप्रबंधक (परिवहन)**

# छात्र को नोटिस देने हिम्मत कैसे हुई ?



**नई दिल्ली, 9 सितंबर. कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में एक छात्र को नोटिस जारी किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है.** ग्रेटर नोएडा के कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र अक्षत त्रिपाठी को जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में शामिल होने के मामले में नोटिस जारी किया था. नोटिस में छात्र से शांति बनाए रखने के लिए पांच लाख रुपये का निजी मुचलका भरने को कहा गया था. इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मजिस्ट्रेट से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और उनसे पूछा जाएगा कि ऐसा नोटिस क्यों जारी किया गया. सीजेआई ने सवाल किया कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट ऐसा नोटिस कैसे जारी कर सकते हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छात्रों के खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा चुका है. चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ के सामने आया. वकील ने अदालत को बताया कि मजिस्ट्रेट ने पुलिस के अनुरोध पर यह नोटिस जारी किया था.

वकील ने कहा कि नोटिस वापस ले लिया गया है, लेकिन इसे जारी किया जाना छात्रों को डराने की कोशिश जैसा है. अधिकारियों के मुताबिक, अक्षत त्रिपाठी को सीजेपी की अगुवाई में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में शामिल होने के संबंध में नोटिस भेजा गया था.

**कार्यालय नगरपालिका परिषद वारासिवनी, जिला - बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/2504/विद्युत शाखा/न.पा.प./2026, **// निविदा आमंत्रण सूचना //** वारासिवनी, दिनांक :-02/09/2026

एतद् निम्नलिखित कार्य / सामग्री हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में समस्त पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों एवं शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिनकी अपनी स्वयं की संबंधित फर्म हो या निमार्ता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अग्वा म.प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आय कर भुगतान करते हों, से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
निविदा विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1. | क्र. 2026_UAD_534738_1 दिनांक : 10/09/2026 | Supply of Electrical Materials (Annual up to 31 March 227) | समयावधि : 31/03/2027 तक लागत : 35,00,000/- | नि.प्र.मूल्य : 5,000/- EMD : 26,250/- | 12/10/2026 |

नोट : - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, वारासिवनी**

# उमर ने गाया वंदे मातरम् तिलमिला उठे वेणुगोपाल

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 9 सितंबर.** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का वंदे मातरम् गाते हुए वीडियो सामने आया है। श्रीनगर में 7 सितंबर को फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के दौरान वंदे मातरम् का गायन हुआ। करीब 3 मिनट 10 सेकंड तक चले इस पूरे गायन के दौरान उमर अब्दुल्ला खड़े रहे। उनके पिता और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। इस वीडियो के सामने आने के बाद कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि वंदे मातरम् का पूरा संस्करण उस बहुलतावादी और समावेशी सोच के अनुरूप नहीं है, जिसे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत के लिए अपनाया था।

**नेहरू के विचारों का दिया हवाला:** केसी वेणुगोपाल ने अपने बयान में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, राजेंद्र प्रसाद, आचार्य नरेंद्र देव, मौलाना आजाद, सरोजिनी नायडू और जे.बी. कृपलानी के विचारों और फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने सहयोगियों से सम्मानपूर्वक आग्रह करती है कि वे स्वतंत्रता सेनानियों की समझ और फैसले का सम्मान करें।

# राव को नहीं दिया कोई नोटिस

## चुनाव आयोग ने नाम में गड़बड़ी की रिपोर्ट खारिज की



**बेंगलुरु, 9 सितंबर. कर्नाटक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर सीएनआर राव के नाम से जुड़ी एक रिपोर्ट पर चुनाव आयोग ने स्थिति स्पष्ट की है.**

मीडिया में आई उन खबरों को आयोग ने खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि मतदाता सूची में नाम की गड़बड़ी के कारण सीएनआर राव को नोटिस जारी किया गया और सुनवाई के लिए बुलाया गया. रिपोर्ट्स में कहा गया था कि पुराने मतदाता रिकॉर्ड में राव का नाम प्रूफ सीएनआर राव दर्ज था, जबकि नए रिकॉर्ड में 'प्रोफेसर सी.एन.आर. राव लिखा गया. यानी ' प्रूफ ' में एक अतिरिक्त 'एफ जुड़ गया था. इसी नाम के अंतर को लेकर उनके रिकॉर्ड पर आपत्ति और नोटिस जारी होने की बात सामने आई थी. हालांकि, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि सीएनआर राव को इस मामले में कोई नोटिस जारी नहीं किया गया.

# वंदे मातरम पर फिर छिड़ा विवाद

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 9 सितंबर. गुजरात विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन वंदे मातरम के अपमान का मामला सामने आया है. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के दौरान कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला अपनी सीट पर ही बैठे रहे.**

**गुजरात विस में बैठे रहे कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला**

इस मामले पर गुजरात सरकार के मंत्री प्रवीण माली ने आपत्ति जताई है. प्रवीण माली ने इसे संसदीय परंपराओं का उल्लंघन बताया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत के दौरान न खड़ा होना देश, भारत माता और हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली का सीधा अपमान है. प्रवीण माली ने कहा, कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला ने सिर्फ वंदे मातरम का नहीं पूरे देश का अपमान किया है.

कांग्रेस को इस पूरे मामले पर अपना स्टैंड क्लियर करना चाहिए कि ये इमरान खेड़ा वाला का व्यक्तिगत मामला है या कांग्रेस भी इसके समर्थन में है. प्रवीण माली ने आगे कहा कि हम विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर इस पूरे मामले की शिकायत करेंगे और संवैधानिक प्रक्रिया के मुताबिक कार्रवाई की मांग करेंगे. दरअसल गृह मंत्रालय के नए दिशा-निर्देशों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में पूरे तीन मिनट और 10 सेकंड तक वंदे मातरम बजाया जाना अनिवार्य है.

# विजय ने दिया टीवीके और कांग्रेस गठबंधन को नाम

**चेन्नई, 9 सितंबर.** तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के नेतृत्व वाले गठबंधन को बुधवार को आधिकारिक नाम मिल गया. चेन्नई के पनैयूर स्थित टीवीके मुख्यालय में हुई अहम बैठक के बाद गठबंधन का नाम 'सेक्युलर सोशल जस्टिस विक्ट्री अलायंस' घोषित किया गया. गठबंधन के नाम में धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और जीत को प्रमुखता दी गई है. इसे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सियासत में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम के तौर पर देखा जा रहा है. बैठक में टीवीके के साथ कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथैगल काची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रमुख नेता शामिल हुए.

**विजय ने किया 'सेक्युलर सोशल जस्टिस विक्ट्री अलायंस' का ऐलान**

**कांग्रेस समेत चार दलों की भागीदारी:** बैठक में कांग्रेस की ओर से माणिकम टैगोर, थरगई कथबर्ट और प्रवीण चक्रवर्ती शामिल हुए. वीसीके की ओर से पार्टी प्रमुख थोल थिरुमावलवन के अलावा वन्नी अरसु, रवि कुमार और सिंथनाई सेल्वन ने हिस्सा लिया.

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

एसईसीएल/सो.क्षे./उक्षेप्र/खैरहा/2026-27/241

**सूचना**

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत खैरहा भूमिगत खदान हेतु ग्राम **खन्नाथ**, तहसील बुढार, जिला शहडोल की अर्जित निजी भूमि के अंतर्गत अधोलिखित दर्शाए गए भूमि स्वामियों के नाम, भूमि आश्रितों के विभिन्न दस्तावेजों के अनुसार नाम का विवरण निम्नानुसार हैं -

| क्र. | धारा 9 (1) अधिसूचना वर्ष 2016-17 का खसरा क्रमांक | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | धारा 9 (1) अधिसूचना के समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | अवार्ड का मुआवजा पत्रक 1 (A) क्रमांक | खसरा नंबर | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरों का कुल रकवा (हे.) | कुल अर्जित रकवा (हे.) | मुआवजा पत्रक 1(A) के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | मुआवजा भुगतान के समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करते समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम, भूमि स्वामी से संबंध और जाति | भूमि आश्रित का दस्तावेजों में नाम: आधार कार्ड में नाम | रोजगार पंजीयन में नाम | राशन कार्ड में नाम | निवास प्रमाण पत्र में नाम | जाति प्रमाण पत्र में नाम | शिक्षा प्रमाण पत्र में नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 75/1 | 0.608 | 0.608 | खोखा, कम्मू पि. प्रमोदी धोखिया वेवा प्रमोदी | 39 | 75/1 | 0.608 | 0.608 | 1.350 | 1.350 | खोखा, कम्मू पिता प्रमोदी धोखिया वेवा प्रमोदी | धोखिया बेवा प्रमोदी, खोखा पिता प्रमोदी, कम्मू पिता प्रमोदी | धोखिया बेवा प्रमोदी, खोखा पिता प्रमोदी, कम्मू पिता प्रमोदी | अजय बैगा पिता खोखा बैगा संबंध - पुत्र जाति - बैगा अनुसूचित जनजाति | अजय बैगा | Ajay Baiga | अजय बैगा पिता खोखा बैगा | अजय बैगा पिता खोखा बैगा | अजय बैगा पिता खोखा बैगा | Illiterate |
| | 151/1 | 0.742 | 0.742 | | | 151/1 | 0.742 | 0.742 | | | | | | | | | | | | |
| 2 | 75/2 | 0.607 | 0.607 | ठेगई पि.महदेउना | 77 | 75/2 | 0.607 | 0.607 | 1.349 | 1.349 | ठेगई पि.महदेउना | ठेगई पिता महदेउना | नारवदिया पत्नी ठेगई बैगा, लक्ष्मन बैगा पिता ठेगई बैगा, रतन बैगा पिता ठेगई बैगा, झुरू बैगा पिता ठेगई बैगा, सुगुन बैगा पिता ठेगई बैगा, धानमती बैगा पिता ठेगई बैगा | (1) रतन बैगा पिता ठेगई बैगा संबंध - पुत्र जाति - बैगा अनुसूचित जनजाति | रतन बैगा | Ratan Baiga | रतन बैगा पिता ठेगई बैगा | रतन बैगा पिता ठेगई बैगा | रतन बैगा पिता ठेगई बैगा | Illiterate |
| | 151/2 | 0.742 | 0.742 | | | 151/2 | 0.742 | 0.742 | | | | | | (2) झुरू बैगा पिता ठेगई बैगा संबंध - पुत्र जाति - बैगा अनुसूचित जनजाति | झूरू बैगा | Jhuru Baiga | झुरु बैगा पिता ठेगई बैगा | झुरु बैगा पिता ठेगई बैगा | झुरु बैगा पिता ठेगई बैगा | Illiterate |
| 3 | 1162/1 | 0.877 | 0.877 | सुरेश, रामस्वरूप ददनी पिता बबली | 312 | 1162/1 | 0.877 | 0.877 | 0.877 | 0.877 | सुरेश पिता बबली रामस्वरूप पिता बबली ददनी पिता बबली | सुरेश पिता बबली रामस्वरूप पिता बबली ददनी पिता बबली | सुरेश पिता बबली, ददनी पिता बबली, रामस्वरूप पिता बबली | (1) तुलसी बैगा पिता सुरेश प्रसाद बैगा, संबंध-पुत्र जाति-बैगा अनुसूचितजनजाति | तुलसी बैगा | Tulsi Baiga | तुलसी बैगा पिता सुरेश बैगा | तुलसी बैगा पिता सुरेश बैगा | तुलसी बैगा पिता सुरेश बैगा | TULSI BAIGA S/O SURESH PRASAD BAIGA |
| | | | | | | | | | | | | | | (2) गौतम बैगा पिता रामस्वरूप बैगा, संबंध - पुत्र जाति - बैगा अनुसूचित जनजाति | गौतम बैगा | Gautam Baiga | गौतम बैगा पिता रामस्वरूप बैगा | गौतम बैगा पिता रामस्वरूप बैगा | गौतम बैगा पिता रामस्वरूप बैगा | Illiterate |
| 4 | 149 | 0.506 | 0.506 | गोजे पिता तुलई | 49 | 149 | 0.506 | 0.506 | 0.506 | 0.506 | गोजे पिता तुलई | गोजे पिता तुलई | गोजे पिता तुलई | - | | | | | | |
| | | | | | कुल किता 06 | | 4.082 | 4.082 | 4.082 | 4.082 | | | | | | | | | | |

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के नाम में विविधता/भू अभिलेख में विविधता एवं रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्रा-खैरहा उपक्षेत्र/महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र के कार्यालय में लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराएं अन्यथा उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही अग्रेषित कर दी जाएगी।

SECL/26-27/139

**उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्रा खैरहा उपक्षेत्र, एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र**

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

एसईसीएल/सो.क्षे./उक्षेप्र/खैरहा/2026-27/230

**सूचना**

एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत खैरहा भूमिगत खदान हेतु ग्राम खन्नाथ, तहसील बुढार, जिला शहडोल की अर्जित निजी भूमि के अंतर्गत अधोलिखित दर्शाए गए भूमि स्वामियों के नाम, भूमि आश्रितों के विभिन्न दस्तावेजों के अनुसार नाम का विवरण निम्नानुसार हैं -

| क्र. | धारा 9 (1) अधिसूचना वर्ष 2016 -17 का खसरा क्रमांक | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | धारा 9 (1) अधिसूचना के समय भूमि स्वामी और पिता/ पति का नाम | अवार्ड का मुआवजा पत्रक 1 (A) क्रमांक | खसरा नंबर | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरों का कुल रकवा (हे.) | कुल अर्जित रकवा (हे.) | मुआवजा पत्रक 1 (A) के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | मुआवजा भुगतान के समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करते समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम, भूमि स्वामी से संबंध और जाति | भूमि आश्रित का दस्तावेजों में नाम: आधार कार्ड में नाम | रोजगार पंजीयन में नाम | राशन कार्ड में नाम | निवास माण पत्र में नाम | जाति प्रमाण पत्र में नाम | शिक्षा प्रमाण पत्र में नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 155<br>314<br>340<br>347<br>358<br>371<br>374<br>1161/1 | 1.056<br>0.409<br>0.352<br>0.263<br>0.105<br>0.142<br>0.182<br>0.247 | 1.056<br>0.409<br>0.352<br>0.263<br>0.105<br>0.142<br>0.182<br>0.247 | छोटेलाल गोविन्द चन्दा जुगमुन बिमला पि. सुमेश्वर उमा फोक्की पि. बिहारी | 70 | 155<br>314<br>340<br>347<br>358<br>371<br>374<br>1161/1 | 1.056<br>0.409<br>0.352<br>0.263<br>0.105<br>0.142<br>0.182<br>0.247 | 1.056<br>0.409<br>0.352<br>0.263<br>0.105<br>0.142<br>0.182<br>0.247 | 2.756 | 2.756 | छोटेलाल पिता सुमेश्वर गोविन्द पिता सुमेश्वर चन्दा पिता सुमेश्वर, जुगमुन पिता सुमेश्वर बिमला पिता सुमेश्वर, उमा पिता बिहारी फोक्की उर्फ कमला पिता बिहारी | छोटेलाल पिता सुमेश्वर, फोक्की उर्फ कमला पिता बिहारी, उमा पिता बिहारी, बिमला पिता सुमेश्वर, चन्दा पिता सुमेश्वर, गोविन्द पिता सुमेश्वर, कृष्णकुमार माता जुम्मुनिया पटेल लाला माता जुम्मुनिया पटेल राजू माता जुम्मुनिया पटेल अनीता माता जुम्मुनिया पटेल | छोटेलाल पिता सुमेश्वर गोविन्द पिता सुमेश्वर कृष्णकुमार माता जुम्मुनिया पटेल लाला माता जुम्मुनिया पटेल राजू माता जुम्मुनिया पटेल अनीता माता जुम्मुनिया पटेल फोक्की उर्फ कमला पिता बिहारी उमा पिता बिहारी चन्दा पिता सुमेश्वर बिमला पिता सुमेश्वर | (1) तीरथ पटेल पिता छोटेलाल पटेल संबंध - पुत्र, जाति - कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग | तीरथ पटेल | Teerath Patel | तीरथ पटेल पिता छोटेलाल पटेल | तीरथ पटेल पिता छोटेलाल पटेल | तीरथ पटेल पिता छोटेलाल पटेल | तीरथ पटेल पिता छोटेलाल पटेल |
| | | | | | | | | | | | | | | (2) अमर कुमार पटेल पिता अनिल पटेल संबंध - पोता, जाति - कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग | अमर कुमार पटेल | Amar Kumar Patel | अमर कुमार पटेल पिता अनिल पटेल | अमर कुमार पटेल पिता अनिल पटेल | अमर कुमार पटेल पिता अनिल पटेल | AMAR KUMAR PATEL |
| | | | | | | | | | | | | | | (3) अंजना पटेल पिता इन्द्रपाल पटेल माता उमा देवी, संबंध - पुत्री, जाति - कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग | अंजना पटेल | Anjana Patel | अंजना पटेल पिता स्व. इन्द्रपाल पटेल | अंजना पटेल पिता स्व. इन्द्रपाल पटेल | अंजना पटेल पिता इन्द्रपाल पटेल | ANJANA PATEL D/O INDRAPAL PATEL |
| 2 | 331 | 0.183 | 0.183 | संतराम पि. शोभित | 324 | 331 | 0.183 | 0.183 | 0.183 | 0.183 | कृष्ण कुमार पिता रामदुलारे पटेल | कृष्ण कुमार पिता रामदुलारे पटेल | कृष्ण कुमार पिता रामदुलारे पटेल | (1) संबंध-पुत्र जाति-कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग | दीपक पटेल | Deepak Patel | दीपक पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल | दीपक पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल | दीपक पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल | DEEPAK PATEL S/O KRISHN KUMAR PATEL |
| 3 | 213/4<br>257/4<br>451/4<br>1172/4 | 0.019<br>0.049<br>0.041<br>0.037 | 0.019<br>0.049<br>0.041<br>0.037 | लक्ष्मन पि. रामगरीब | 256 | 213/4<br>257/4<br>451/4<br>1172/4 | 0.019<br>0.049<br>0.041<br>0.037 | 0.019<br>0.049<br>0.041<br>0.037 | 0.146 | 0.146 | लक्ष्मन पिता रामगरीब | लक्ष्मन पिता रामगरीब | लक्ष्मन पिता रामगरीब | - | NA | | | | | |
| 4 | 213/2<br>257/2<br>451/2<br>1172/2 | 0.018<br>0.052<br>0.040<br>0.029 | 0.018<br>0.052<br>0.040<br>0.029 | दुलारे पि. राम गरीब | 331 | 213/2<br>257/2<br>451/2<br>1172/2 | 0.018<br>0.052<br>0.040<br>0.029 | 0.018<br>0.052<br>0.040<br>0.029 | 0.139 | 0.139 | जुगमुनिया बेवा रामदुलारे, राजू प्रसाद पिता रामदुलारे, कृष्णकुमार पुत्र रामदुलारे, अनीताबाई पुत्री रामदुलारे, लाला पुत्री रामदुलारे | अनीता पिता रामदुलारे पटेल राजू पिता रामदुलारे पटेल, कृष्णकुमार पुत्र रामदुलारे पटेल, लाला पुत्री रामदुलारे | अनीता पिता रामदुलारे पटेल राजू पिता रामदुलारे पटेल, कृष्णकुमार पुत्र रामदुलारे पटेल, लाला पुत्री रामदुलारे | - | | | | | | |
| 5 | 395 | 0.057 | 0.057 | रामलला पिता कृष्णा पटेल | 243 | 395 | 0.057 | 0.057 | 0.057 | 0.057 | रामलला पिता कृष्णा पटेल | रामलला पिता कृष्णा पटेल | रामलला पिता कृष्णा पटेल | - | | | | | | |
| | | | | | कुल किता 18 | | 3.281 | 3.281 | 3.281 | 3.281 | | | | | | | | | | |

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के नाम में विविधता/भू अभिलेख में विविधता एवं रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्रा-खैरहा उप क्षेत्र / महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र के कार्यालय में लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराएं अन्यथा उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही अग्रेषित कर दी जाएगी।

SECL/26-27/138

**उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्रा खैरहा उपक्षेत्र, एसईसीएल, सोहागपुर क्षेत्र**